


आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-254 ● कटनी ● सोमवार, 18 अक्टूबर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आश्विन शुक्ल पक्ष -13 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें
ताजा तरीन खबरों के
साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

किसानों का देशव्यापी आंदोलन

# रेल ट्रैक पर बैठे अन्नदाता

**नई दिल्ली, अमृतसर, लखीमपुर ।** संयुक्त किसान मोर्चा का देशव्यापी रेल रोको आंदोलन शुरू हो गया है, शाम चार बजे तक रेल यातायात बाधित रहेगा। हरियाणा के बहादुरगढ़ में किसान रेलवे ट्रैक पर बैठे हैं। लखनऊ में धारा 144 लागू कर दी गई है। कई जगह किसान नेताओं को नजरबंद किया गया है। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने किसान संगठनों के रेल रोको आंदोलन पर कहा कि ये अलग-अलग जिलों में अलग-अलग जगह होगा। पूरे देश में वहां के लोगों को पता रहता है कि हमें कहां ट्रेन रोकनी है। भारत सरकार ने अभी हमसे कोई बात नहीं की है।

### लखनऊ में धारा 144 लागू

किसान संगठनों द्वारा बुलाए गए रेल रोको आंदोलन में हिस्सा लेने वालों लोगों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी। लखनऊ पुलिस ने जिले में सीआरपीसी की धारा 144 लगाई गई है, अगर कोई सामान्य स्थिति को बाधित करने की कोशिश करता है तो उस पर एनएसए



लगाया जाएगा। लखीमपुर खीरी कांड के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने हरियाणा के बहादुरगढ़ में रेलवे ट्रैक जाम कर दिया गया है। संयुक्त किसान मोर्चा ने घटना के विरोध में राष्ट्रव्यापी रेल रोको का आह्वान किया है। लखीमपुर खीरी कांड के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के रेल रोको आह्वान के मद्देनजर हरियाणा के सोनीपत रेलवे स्टेशन पर रैपिड एक्शन फोर्स तैनात की गई है। अमृतसर के देवी दासपुरा गांव में कृषि कानून के प्रदर्शनकारी रेलवे ट्रैक पर धरने पर बैठ गए। हरियाणा के बहादुरगढ़ में किसान रेलवे ट्रैक पर बैठे हैं। इसके अलावा अमृतसर में भी किसानों ने ट्रैक पर कब्जा कर लिया है।

### राज्यों में आज निकाली जाएंगी कलश यात्राएं

लखीमपुर हत्या मामले में केंद्रीय राज्यमंत्री को बर्खास्त कर, गिरफ्तार करने की मांग की है। मोर्चा की ओर से जारी बयान में बताया गया है किलखीमपुर खीरी में जान गंवाने वाले किसानों की अस्थियों के साथ उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और दूसरे राज्यों में शहीद कलश यात्राएं निकाली जा रही है। लखीमपुर खीरी में किसानों की मौत के मामले में न्याय और केंद्रीय राज्यमंत्री को बर्खास्त करने सहित दूसरी मांगों के समर्थन में किसानों ने आज रेल रोको कार्यक्रम की घोषणा की है।

## कोरोना सबसे कम

**नई दिल्ली।**



त्योहारी सीजन शुरू हो चुका है। कुछ दिन बाद धनतेरस, दीपावली और छठ जैसे महापर्व भी नजदीक आ जाएंगे। ऐसे में राहत की बात यह है कि देश में कोरोना की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटों में 230 दिन यानी आठ महीने बाद पहली बार कोरोना के सबसे कम मरीज सामने आए हैं। 24 घंटों में 13,596 संक्रमित दर्ज किए हैं। जबकि, रविवार को यह आंकड़ा 14,146 था। लगातार घटते कोरोना मरीजों की संख्या के कारण देश में एक्टिव केस की संख्या भी तेजी से नीचे गिर रही है। अच्छी बात यह है कि अब एक्टिव केस की संख्या दो लाख से नीचे पहुंच चुकी है। सोमवार को जारी आंकड़ों के तहत देश में इस समय कुल 1,89,694 संक्रमित हैं।

फटाफट खबरें




### एमपी में टीके की दूसरी डोज नहीं लगवाने वालों का आंकड़ा 85 लाख

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कोरोना से बचाव के टीका की दूसरी डोज नहीं लगवाने वालों का आंकड़ा रविवार को 85 लाख हो गया। हफ्ते भर पहले तक यह संख्या 70 लाख थी। टीका नहीं लगवाने वालों में 40 फीसद तो ऐसे हैं, जिनकी टीका लगवाने की अवधि निकल चुकी है। बाकी 60 फीसद का समय अभी चल रहा है, लेकिन वह टीका लगवाने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। अब सरकार दूसरी डोज के लिए लोगों को प्रेरित करने के खातिर सोमवार से विशेष अभियान शुरू करने जा रही है।

### बैंक आफ इंडिया ने होम और ऑटो लोन को किया सस्ता

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ इंडिया ने त्योहारी सीजन से पहले होम लोन और ऑटो लोन पर ब्याज दरों में कटौती की है। बैंक ने होम लोन की ब्याज दरों में 35 बेसिस पॉइंट्स (1 प्रतिशत= 100 बेसिस पॉइंट्स) और वाहन ऋण ही ब्याज दरों में 0.50 फीसद कमी की है। इस कटौती के बाद बीओआई का होम लोन दर 6.50 प्रतिशत से शुरू होगा। वह व्हीकल लोन घटकर 6.85 प्रतिशत रह गई है।नई दरें 18 अक्टूबर 2021 से 31 दिसंबर 2021 तक लागू रहेगी। नए लोन और ट्रांसफर वाले ग्राहक भी कम दरों का लाभ उठा सकते हैं।

### फिर बोले भूपेश बघेल- आलाकमान के फैसले को मानूंगा

**जगदलपुर/रायपुर।** ढाई-ढाई साल के मसले पर राज्य में राजनीत गर्म है। टीएस सिंहदेव लगातार दिल्ली में अपने समर्थकों के साथ डेरा डाले हुए हैं। इस बीच राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की खबर के बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि आलाकमान का जो फैसला होगा, उसे वह स्वीकार करेंगे। टीएस सिंहदेव के बयान पर सीएम ने कहा यह सब चलता रहेगा। मैं पहले भी कह चुका हूं हाईकमान जो भी निर्णय लेगा, सब मानेंगे। एक ही बात बार बार दोहराने का क्या फायदा। बस्तर दशहरा में शामिल होने दो दिन के दौरे के दूसरे दिन सोमवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल यहां से 32 किलोमीटर दूर बकावंड ब्लाक के गिरोला जाएंगे।

## शेयर मार्केट ने तोड़े अब तक के सारे रिकॉर्ड

**मुंबई ।**




दशहरा के बाद शेयर बाजार में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है और सप्ताह के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को शेयर मार्केट ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स 511.37 बढ़कर पहली बार 61,817.32 के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर खुला। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी बढ़त के साथ ओपन हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी आज 130.20 अंक की बढ़त के साथ 18,468.75 के स्तर पर ओपन हुआ।

### इन कंपनियों को फायदा

आज शेयर मार्केट के खुलने के बाद इंफोसिस दो फीसदी से अधिक की बढ़त के साथ शीर्ष पर रहा। इसके बाद क्रमशः टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन और इंडसइंड बैंक को फायदा मिला। छ्रक्रञ्ज को भी दूसरी तिमाही में डबल मुनाफा हुआ है। राजस्व 47 फीसदी बढ़कर 7800 करोड़ के करीब पहुंचा है और मार्जिन में दो फीसदी से ज्यादा का सुधार दिखा है।

### इन कंपनियों का घाटा

दूसरी ओर, एशियन पेंट्स, बजाज ऑटो, डॉ रेड्डीज और एचसीएल टेक शुरुआती सौदों में घाटे के साथ कारोबार कर रहे थे।

अलर्ट : असम में आतंकी हमले की तैयारी में ?

## आरएसएस व आर्मी कैंपों को बना सकते हैं निशाना

**गुवाहाटी।** उत्तर-पूर्वी राज्य असम में आतंकी हमले का अलर्ट जारी किया गया है। असम पुलिस की ओर से जारी किए गए इस अलर्ट के तहत पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकी संगठन अलकायदा मिलकर राज्य में बड़ा आतंकी हमला कर सकते हैं। खुफिया इनपुट के आधार पर जारी किए गए इस अलर्ट के तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कैडरों, सैन्य ठिकानों व धार्मिक स्थलों को निशाना बनाने की तैयारी है। गुवाहारी पुलिस कमिश्नर की ओर से शनिवार को सभी जिलों की पुलिस को अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस से सभी सुरक्षा उपायों को अपनाने को कहा गया है। इस अलर्ट को पिछले महीने दारांग जिले में हुई हिंसक झड़प से जोड़ कर देखा जा रहा है, जिसमें दो मुस्लिम युवकों की मौत हो गई थी तो 11 पुलिसकर्मियों समेत 20 लोग घायल हो गए थे। पुलिस को मिले इनपुट के तहत आतंकी बम या आइईडी से सार्वजनिक स्थानों पर हमला कर सकते हैं। यह हमला बस स्टेशनों या फिर धार्मिक स्थलों पर हो सकता है।



### कश्मीर और असम के लिए जारी किया गया था वीडियो

पुलिस द्वारा जारी किए गए सर्कुलर में इस्लामिक कोऑपरेशन की ओर से किए गए एक ट्वीट का हवाला दिया गया है, इसमें पुलिस द्वारा चलाए गए अतिक्रमण अभियान में मुस्लिम युवकों की मौत की निंदा की गई। इसके बाद अलकायदा की ओर से एक वीडियो जारी किया गया, जिसमें कश्मीर और असम में जिहाद के लिए अपील की गई थी। पुलिस सतर्क हो गई है।

### बिहारियों को दें..15 दिन , आतंकियों को न सुधार दिये तो कहिएगा...

**पटना।** आतंकी हमले में बिहारी मजदूर की मौत के बाद से सियासत गरमा गई है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने जहां इस घटना के लिए नीतीश सरकार को दोषी ठहराया है तो वहीं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने कश्मीर से आतंक के खात्मा के लिए पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से एक अलग ही मांग रख दी है। जीतन राम मांझी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि अगर हालात में बदलाव नहीं हो पा रहें तो प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से आग्रह है कि कश्मीर को सुधारने की जिम्मेदारी हम बिहारियों पर छोड़ दीजिए, 15 दिनों में सुधार नहीं दिया तो कहिएगा।

मध्यप्रदेश में फिर कयासों की सियासत

## अब सज्जन ने की गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा से मुलाकात



**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने सोमवार को गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा से उनके आवास पहुंचकर मुलाकात की। दोनों के बीच करीब आधा घंटा बंद कमरा चर्चा हुई। इसके बाद सियासी गलियारों में कांग्रेस नेताओं द्वारा गृहमंत्री से एक के बाद मुलाकात किए जाने को लेकर चर्चाओं ने फिर जोर पकड़ लिया है। हालांकि, दोनों नेताओं ने इस सौजन्य भेंट करार दिया। इसके पहले विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने भी डा. मिश्रा से मुलाकात की थी। पिछले कुछ समय से कांग्रेस के नेताओं द्वारा गृहमंत्री से मुलाकात करने का सिलसिला बढ़ा है।

## सिमी ने जंगल में लगाए थे कैंप

**इंदौर।** सुरक्षा एजेंसियों की गिरफ्त में आए आइएस के आतंकी अल हिंद ने खुलासा किया है कि वे मध्य प्रदेश सहित गुजरात और महाराष्ट्र के जंगलों में ट्रेनिंग कैंप लगाने वाले थे। बता दें कि मालवा-निमाड़ क्षेत्र सिमी आंतकियों का %सेफ हाउस% रहा है। वर्ष 2008 में इंदौर के श्याम नगर से सिमी सरगना सफदर नागौरी को साथियों सहित गिरफ्तार किया था। आतंकियों से पूछताछ में जयपुर और गुजरात धमाकों की साजिश का खुलासा तो हुआ ही साथ ही मालवा-निमाड़ के जंगलों में कैंप लगाकर आतंकी ट्रेनिंग लेने की जानकारी भी खुफिया एजेंसियों को मिली थी। 2008 में गुजरात बम धमाकों के पूर्व अब्दुल सुभान कुरैशी उर्फ तौकीर और हाजी मूसा जैसे हार्डकोर आतंकियों ने खंडवा के जंगलों में पांच दिन का एक ट्रेनिंग कैंप लगाया था। खंडवा से तीस किमी दूर उत्तर में जंगल के बीच इंडियन मुजाहिदीन (आइएम) के तौकीर और हाजी मूसा ने सिमी आतंकियों को प्रशिक्षण दिया था। इसी तरह एक प्रशिक्षण शिविर चोरल के जंगलों में भी लगाया गया था। यहां भी सिमी सदस्यों ने हथियार चलाने, पहाड़ पर चढ़ने और डिटोनेटर की सहायता से विस्फोटक तैयार करने की ट्रेनिंग ली थी। पुलिस ने चोरल के जंगलों से जमीन में दबाकर रखे गए डिटोनेटर व अन्य सामग्री भी बरामद की थी।



एमपी को लेकर आईएएस आतंकी का बड़ा खुलासा

## सूरत की पैकेजिंग कंपनी में भीषण आग, दो मजदूरों की मौत

### हाइड्रोलिक लिफ्ट के द्वारा 125 से ज्यादा मजदूरों को बचाया

**सूरत।** गुजरात के सूरत के कडोडोरा में आज सुबह एक पैकेजिंग कंपनी में भीषण आग लग गई। इस घटना में अब तक दो मजदूरों की मौत हुई है और कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। जबकि हाइड्रोलिक लिफ्ट द्वारा 125 से ज्यादा मजदूरों को बचा लिया गया है। मौके पर दमकल की कई गाड़ियां अब भी मौजूद हैं। जानकारी के अनुसार हादसा उस वक्त हुआ जब मजदूर पांचवीं मंजिल पर काम कर रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, कुछ लोगों ने जान बचाने के लिए कथित तौर पर इमारत से छलांग लगा दी जिसमें दो व्यक्ति की मौत हो गई।पुलिस ने बताया कि कडोडोरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित इकाई से 100 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया है और घटना में कुछ कर्मचारी झुलस भी गए हैं। बचाव अभियान अब भी जारी है।



## भाजयुमा नेता की गोली मारकर हत्या

**कोलकाता।** बंगाल भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को दावा किया है कि उत्तर दिनाजपुर के इटहार में हमलावरों ने पार्टी की युवा शाखा के नेता मिथुन घोष की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। उन्होंने इस हत्या के लिए तृणमूल कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। सोमवार को एक ट्वीट करते हुए सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि इटहार में भाजपा युवा मोर्चा के नेता मिथुन घोष की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इस हत्या के पीछे टीएमसी का हाथ है। उन्होंने आगे लिखा कि खून के प्यासे असामाजिक शिकारी जिन्होंने अपने मालिक के आदेश पर इस घटना को अंजाम दिया सही समय आने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



### पहाड़ों पर बर्फबारी मैदान में भारी बारिश

**देहरादून।** देश के एक बड़े हिस्से में मौसम ने करवट बदली है। हालात ये हैं कि पहाड़ों पर बर्फबारी हो रही है तो मैदान में भारी बारिश। दक्षिण के साथ ही उत्तर के अधिकांश राज्यों में मौसम बिगड़ गया है। केदारनाथ में बर्फबारी हुई है। हिमाचल प्रदेश में भी ऐसे ही हालात हैं। देहरादून में स्कूल बंद हैं। पर्यटकों को पहाड़ी इलाकों से दूर रहने को कहा है। वहीं केरल में मरने वालों की संख्या 26 पहुंच गई है।

## गजब : थाने में 25 लाख की चोरी

**आगरा।** आगरा के थाना जगदीशपुरा के मालखाने के दरवाजे और बक्से के ताले तोड़कर 25 लाख रुपये की चोरी कर ली गई, लेकिन पुलिस वाले सोते रहे। रविवार सुबह हेड मोहर्रिर के आने पर तैनात पुलिसकर्मियों को इसकी जानकारी हुई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि चोर ने पहले मालखाना के पिछले के गेट के पास लगी खिड़की खोलने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर गया। बक्से के ताले तोड़कर कैश चोरी कर ले गया। इस वारदात ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। थाने के मालखाने में चोरी में कितने चोर शामिल थे, यह पुलिस को पता नहीं चल सका। चोर किस रास्ते से आया और कहां चला गया, यह भी पता नहीं चल सका है।थाना जगदीशपुरा के दो गेट हैं। एक गेट बोदला-लोहामंडी मार्ग पर है। यह गेट बंद रहता है। आसपास दुकानें बनी हैं। गेट के अंदर थाना परिसर में सीज वाहन खड़े हैं। थाना का भवन 25-30 मीटर अंदर है।



## यूपी में कचहरी के एसीजेएम ऑफिस में वकील की हत्या

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में दिनदहाड़े कचहरी की तीसरी मंजिल में एसीजेएम ऑफिस में अधिवक्ता की हत्या से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है, साथ ही आरोपी की तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, सोमवार को करीब 11.45 बजे कचहरी की तीसरी मंजिल में एसीजेएम ऑफिस में अधिवक्ता भूपेंद्र सिंह की तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली मारने वाला मौके पर तमंचा छोड़कर आराम से वहां से फरार हो गया। वारदात के वक्त ऑफिस में कोई मौजूद नहीं था। सूचना मिलते ही एसपी एस आनंद, डीएम इंद्र विक्रम सिंह मौके पर पहुंचे और जांच की। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज तलाश रही है। है। तमंचे के साथ किसी व्यक्ति के कचहरी के अंदर घुसने से सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हुआ है।

## बांग्लादेश में हिन्दुओं के 65 से ज्यादा घरों में लगाई आग

**ढाका ।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब खबर आ रही है कि रविवार रात को उपद्रवियों ने रंगपुर के पीरगंज में 65 से ज्यादा हिंदुओं के घरों में आग लगा दी है। स्थानीय संघ परिषद के अध्यक्ष के मुताबिक, कम से कम 65 हिंदुओं के घर पर हमला किया गया और उन्हें आग के हवाले कर दिया गया है। इसमें 20 घर पूरी तरह जल चुके हैं।

### सोशल मीडिया पोस्ट के बाद हुआ बवाल

हिंदुओं के घरों में आग लगाए जाने की वजह एक सोशल मीडिया पोस्ट को बताया जा रहा है। सामने आ रहा है कि एक शख्स ने फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट किया था। इसके बाद तनाव पैदा हो गया और उपद्रवियों ने उस शख्स के घर पर हमला बोल दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसको तो सुरक्षा प्रदान कर दी, लेकिन उपद्रवियों ने आसपास के घरों को आग के हवाले कर दिया। ढाका ट्रिब्यून के अध्यक्ष मोहम्मद सादकुल इस्लाम ने बताया कि उपद्रवी जमात-ए-इस्लामी और छात्र शाखा इस्लामी छात्र शिविर की स्थानीय इकाई के छात्र थे।




### गृहमंत्री के बयान के बाद हुआ हमला

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए हमलों पर सोमवार को गृह मंत्री असदुज्जमां खान ने बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि जानबूझ कर देश का माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इन हमलों के पीछे एक सोची-समझी साजिश है। उन्होंने कहा था कि हमलों की जांच की जा रही है, जो भी दोषी होगा उसे सजा दी जाएगी। बांग्लादेश में 13 अक्तूबर से हिंदुओं पर हमले शुरू हुए हैं। पहले अलग-अलग स्थानों पर दुर्गा पंडालों को निशाना बनाया गया था और हिंदुओं पर हमला किया गया था। इसमें चार हिंदुओं की मौत हो गई थी, वहीं 60 से ज्यादा घायल हो गए थे। इसके बाद इस्कॉन मंदिर को भी निशाना बनाया गया और तोड़फोड़ की गई थी।



# माधवनगर में धूमधाम से मना दशहरा उत्सव

## रामलीला मैदान में रावण महाराज के पुतले का दहन, दुर्गा प्रतिमाओं का निकला जुलूस ,कटाएघाट और निवार नदी में देर रात तक चलता रहा विसर्जन

**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर में असत्य पर सत्य की जीत का महापर्व दशहरा रविवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बुराई के प्रतीक रावण महाराज के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन के साथ ही माधवनगर में जगह-जगह विराजीं दुर्गा प्रतिमाओं का चल समारोह भी आयोजित किया गया। जय दुर्गे-जय काली के गगनचुंबी जयघोषों से सारा आलम गूंजता रहा। युवाओं की टोलियां ढोल नगाड़ों की थाप और बैंड बाजों की करतल ध्वनि में झूमती नजर आईं। करीब एक सैकड़ा से अधिक दुर्गा प्रतिमाएं विभिन्न मार्गों से होती हुई कटाएघाट स्थित कटनी नदी एवं पीरबाबा स्थित निवार नदी पहुंची, जहां हर्षोल्लास के बीच दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शनार्थ सड़कों पर लोगों की भारी भीड़ उपस्थित रही। दशहरा महोत्सव और दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पूरे समय तैनात रहे और व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे, इसके पहले माधवनगर स्थित रामलीला मैदान में माधवनगर रामलीला एवं दशहरा महोत्सव कमेटी के तत्वावधान में दशहरा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के संरक्षक समाजसेची गंगाराम कटारिया, झम्मटमल ठारवानी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, राजा जगवानी सहित अन्य अतिथियों ने मर्यादा परषोत्तम भगवान श्री राम के तैलचित्र पर माल्र्यापण करते हुए पूजा अर्चना की, इसके उपरांत असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक रावण महाराज के पुतले का दहन किया गया।

कार्यक्रम में माधवनगर रामलीला एवं दशहरा महोत्सव कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम बेलानी, जुलूस प्रभारी बंटू रोहरा, कमेटी संयोजक मनोहर बजाज, सुनील तलूजा, विजय वाधवानी, श्रीचंद मनवानी, देवीदास सोनी, नारायण जगवानी, रोमित जगवानी, जाड़ाभाई माटानी, विष्णु वलेचा, नवीन मोटवानी, देवीदास हंसराजानी, प्रकाश आहूजा, कमल केवट, देवीदीन गुप्ता, खीयल चावला, गुलाब मोटवानी, श्याम पंजवानी, प्रेम जसूजा, रिम्मी खुराना, वीरेंद्र तीर्थानी, जे के बानवानी, राजू माखीजा, रोहित सेन, निरंजन पंजवानी, आनंद आसरानी, राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष ईश्वर रोहरा, गुरमुख बालानी, लक्ष्मण नंदवानी, खीयल जेसवानी, कैलाश छतवानी, गोपी केवलानी आदि उपस्थित रहे।



### दुर्गा समितियों को मिले पुरस्कार

कार्यक्रम के अंत में जुलूस प्रभारी बंटू रोहरा, संयोजक सुनील तलूजा, भाजपा नेता मनोहर कृष्णाणी, मनोहर बजाज, माधवनगर टीआई विजय कुमार विश्वकर्मा, कमेटी अध्यक्ष घनश्याम बेलानी, राजा जगवानी, ईश्वर रोहरा ने हरे माधव चौक में दुर्गा प्रतिमा समितियों को पुरस्कार वितरित किये। इस अवसर पर विष्णु वलेचा, घनश्याम बेलानी एवं प्रेस फोटोग्राफर रोहित सेन का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुनील तलूजा ने किया। रामलीला एवं दशहरा उत्सव कमेटी अध्यक्ष घनश्याम बेलानी एवं जुलूस प्रभारी बंटू रोहरा ने पुलिस प्रशासन, नगर निगम आयुक्त, एसडीएम एवं धर्म प्रिय नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं का आभार प्रगट किया।

# 24 तीर्थंकर भगवान की धूमधाम से निकली धर्म प्रभावना पदयात्रा



कटनी। दिगम्बर जैन समाज पंचायत समिति के तत्वावधान में 10 दिवसीय आराधना विधान एवं णमोकार महामंत्र के समापन अवसर पर नगर में पहली बार जैन धर्म के 24 तीर्थंकर भगवानों की 24 पालकियों में विशाल धर्म प्रभावना पद यात्रा निकाली गई। आचार्य श्री एवं धर्म प्रभावना पदयात्रा का जगह-जगह रंगोली सजाकर एवं आरती उतारकर स्वागत एवं अगवानी की गई। पदयात्रा में श्वेत परिधान में महिलाएं मंगल कलश लेकर चल रही थीं एवं चांदी की बघ्घी पर इंद्र-इंद्राणी आकर्षण का केन्द्र रहे।







## जगह-जगह रंगोली सजाकर व आरती उतारकर की गई अगवानी

## आराधना विधान एवं णमोकार महामंत्र के समापन पर पहली बार आयोजन

छोटे-छोटे बालक स्केटिंग कर आहिंसा का संदेश देते चल रहे थे। धर्म प्रभावना पदयात्रा जैन बोर्डिंग हाऊस से प्रांरभ होकर झंडा बाजार, घंटाघर, गर्ग चौराहा, हीरागंज, गोल बाजार, मेन रोड, सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, जवाहर चौक से होते हुए जैन बोर्डिंग हाऊस में पहुंचकर धर्मसभा के रूप में परिवर्तित हो गई। जहां नगर में चार्तुमास कर रहे परमपूज्य आचार्य कुलरत्न भूषण जी महाराज के मांगलिक प्रवचन देते हुए कहा कि पदयात्रा निकालने से जहां एक ओर धर्म प्रभावना होती है, तो वहीं दूसरी तरफ नई पीढ़ी में धार्मिक संस्कार जाग्रत होते हैं। यात्रा में भजन गाते युवकों की टोली एवं जय जयकार के नारे लगाती बालक बालिकाओं की टोली चल रही थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप रॉयल, जेन मिलन बालिका मंडल, अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद, नवीन नवयुवक मंडल, श्री 1008 शांति सागर, रात्रिकालीन पाठशाला के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा।

# अग्रहरि समाज के केंद्रीय पदाधिकारियों ने ली शपथ



**कटनी।** केंद्रीय अग्रहरि समाज का शपथग्रहण समारोह प्रयागराज में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि, विधायक विकास अग्रहरी पूर्व न्याय मंत्री व संरक्षक राधेश्याम अग्रहरि की उपस्थिति में आयोजित हुआ, जहां सर्वप्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष विदुप अग्रहरि, राष्ट्रीय महामंत्री कुलभास्कर अग्रहरि, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध अग्रहरी को संरक्षक शपथ दिलाई, उसके पश्चात भारत वर्ष के अनेक प्रांतों से आए लगभग 200 लोग व मध्यप्रदेश के 32 लोगों एवं कटनी जिले के अशोक अग्रहरी, सत्यनारायण अग्रहरि, अरविंद अग्रहरि पत्रकार, श्याम अग्रहरि, एन पी अग्रहरी, विनीत अग्रहरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष विदुप अग्रहरि ने शपथ दिलाई। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री को अग्रहरियों की समस्याओं से अवगत कराया और उन्होंने उत्तरप्रदेश व भारत वर्ष के अग्रहरि को पिछड़ा वर्ग में शामिल करने हेतु एक ज्ञापन प्रेषित किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हमारी केंद्र और प्रदेश की सरकार सबका साथ सबका विकास के साथ चल रही है। गरीबों के लिए अनेक योजनाएं चल रही है। प्रदेश सहित देश के व्यापारियों को हमारी सरकार ने सुरक्षा मुहैया कराई है। उन्होंने अग्रहरी समाज को पिछड़ा वर्ग में शामिल करने को लेकर कहा कि आप की मांग को सरकार तक ले जाएंगे, इसके अलावा किसी भी अग्रहरी को कभी कोई समस्या होती है तो वह निसंकोच हमसे अपनी समस्या को बता सकते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष विदुप अग्रहरी ने कहा कि आप समाज के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे स्व पिता श्यामाचरण जी को याद कर भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि आज वे होते तो कितना खुश होते विधायक विकास अग्रहरी में समाज हित को लेकर अपनी बात उपमुख्यमंत्री के समक्ष रखी। मप्र के महामंत्री अरुण अग्रहरी में केंद्रीय कार्य समिति के प्रति आभार जताया और कहा कि प्रदेश के 32 लोगों को केंद्रीय कार्यकारिणी में कार्य करने का मौका दिया पूर्व नगर निगम अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रहरी ने कहा की गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले गरीब बेटियों के शिक्षा और विवाह के लिए हम एक अभियान चलाएंगे। प्रयागराज में आयोजित अग्रहरि समाज के शपथ ग्रहण समारोह में मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, मुंबई, उत्तराखंड, दिल्ली, गुजरात, उड़ीसा सहित एक दर्जन से अधिक प्रदेशों के प्रदेशध्यक्ष प्रदेश महामंत्री व नवगठित केंद्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी मौजूद रहे। जिनका प्रयागराज अग्रहरी समाज ने अभिनंदन किया।

### अरविंद अग्रहरि राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल, उत्तर प्रदेश उपमुख्यमंत्री की उपस्थिति में हुआ कार्यक्रम

# 20 अक्टूबर को बांधा मंदिर में शरद महोत्सव

**कटनी।** श्री राधा कृष्ण मंदिर बांधा में 20 अक्टूबर, बुधवार को शरद पूर्णिमा, महर्षि बाल्मीक जयंती के पावन पुनीत अवसर पर शरद महोत्सव आयोजित होगा। पौराणिक गाथा एवं श्रीमद्भागवत महापुराण के प्रसंगानुसार शरद पूर्णिमा के दिन भगवान श्री कृष्ण का बृज की गोपियों के साथ महारास घटा था, सभी देवी देवताओं के द्वारा उक्त महारास के अलौकिक आनंद दर्शन के समय अमृत वर्षा की गई थी। बांधा मंदिर में भी इस अवसर पर सायं 6 बजे से स्थानीय भक्त वृंदों द्वारा पवित्र गरबा नृत्य के द्वारा महारास लीला की अनुभूति में आयोजन होगा। सायं 7 बजे भगवान की भव्य महाआरती के पश्चात् खीर प्रसाद का वितरण होगा। श्री राधा कृष्ण सेवा समिति के पं. रामनरेश त्रिपाठी, ए. पी. चतुर्वेदी, सत्येन्द्र त्रिपाठी, कृष्णकांत पाण्डे, राघवेन्द्र दुबे, पप्पू पाठक, प्रशांत मिश्रा, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, बडू सिंह, बहादुर कुशवाहा, श्याम मिश्रा आदि ने कृष्णानुरागी जनों से मंदिर पधारकर भगवान की महारास झांकी दर्शन की प्रार्थना की है।





# मरही माता मंदिर में सुहागलें का आयोजन

**कटनी।** बावली टोला स्थित मरही माता मंदिर में नवरात्र पर्व के समापन के उपरांत कल शनिवार को सुहागलें का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी बद्री पंडा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में कई पर्व मनाने की परंपरा रही है। मनुष्य जिस वस्तु को प्राप्त करना चाहता है, उसके लिए उसी नाम के देवता और व्रत की व्यवस्था सनातन धर्म में हैं। स्त्रियां अपने पति को परमेश्वर मानकर उनका देवतुल्य पूजन करती हैं, साथ ही उनकी आयु आरोग्य वृद्धि के लिए व्रत करती है। यह प्रथा दुनिया के किसी भी धर्म और संस्कृति में देखने को नहीं मिलती हैं। ऐसे व्रतों में एक सुहागलों का भी व्रत हैं। इसमे महिलाएं अपने पतियों की आयु वृद्धि और अनिष्ट की निवृत्ति के लिए सुहागिन स्त्रियों के साथ व्रत पूजन करती हैं। मरही माता मंदिर में आयोजित सुहागलें में बड़ी संख्या में महिलाओं ने शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित किया।

# गायत्री पूजन के साथ माता को दी बिदाई,किया गरबा

**कटनी।** नवरात्रि के उपलक्ष्य में गायत्री योगानुसंधान केंद्र सुक्खन उस्ताद अखाड़ा एवं महिला गायत्री मंडल कनकने स्कूल के तत्वावधान में पहरूआ के प्रकृतिक वादियों में रंगारंग गरबा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सदस्यों के परिवारों ने कोविड के नियमों का पालन करते हुए इस उत्सव का आनंद उठाया। शैलेंद्र राय के विशिष्ट आतिथ्य में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर गायत्री मां का पूजन किया। महिला मंडल ने हे मां अष्ट भवानी की तर्ज में मोहक प्रस्तुति दी। युगल नृत्य में योगकेन्द्र के सदस्यों ने अतिथियों का मन मोह लिया। योगकेन्द्र के सदस्यों के द्वारा शतप्रतिशत टीकाकरण कराने पर शुभकामनाएं दी। योगकेन्द्र के अध्यक्ष मनोज नौगरहिया ने कोरोना के कारण रुके हुए समय के पुनः यथावत होने की दिशा पर संतोष जताते हुए कहा कि अभी भी लापरवाही न बरते। कोरोना पर विजय केवल जनता की चेतना से ही संभव है। महिला मंडल की निशी सिंहा, उर्मिला अग्रवाल, कल्पना चौरसिया मंजू शोभा राय ने कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अनिल कुमार गर्ग ने किया। इस अवसर पर गोपाल कृष्ण अग्रवाल, आनंद सुहाने, जितेंद्र शर्मा, राम नरेश विश्वकर्मा, झग्गू भैया, योगेश कुचिया, पुन्नु लाल नामदेव, कौशल किशोर गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, जवाहर सुहाने, अजय बर्मन, प्रीति नौगरहिया, वंशिका नौगरहिया, संध्या गर्ग की गरिमामयी उपस्थिति थी।



यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, सोमवार, 18 अक्टूबर 2021

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

## सिर में पत्थर पटक कर युवक की हत्या



### माधवनगर के नमक गोदाम में मिली रक्तरंजित लाश

**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर स्थित नमक गोदाम के पास शनिवार व रविवार की दरम्यानीरात खैबर लाइन निवासी 35 वर्षीय भोजा उर्फ सुशील पिता स्वर्गीय चंचल दास ठारवानी की सिर में पत्थर पटक कर नृशंस हत्या कर दी गई। भोजा की रक्तरंजित लाश रविवार की सुबह नमक गोदाम क्षेत्र से बरामद की गई है। अभी आरोपियों के संबंध में सुराग नहीं लगे हैं। माधवनगर थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा के मुताबिक अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर उनकी पतासाजी की जा रही है। आरोपियों के संबंध में कुछ सुराग पुलिस के हाथ लगे हैं। शीघ्र ही वारदात से पर्दा उठाया जाएगा।

## सेंट्रल रेलवे के कर्मचारियों को बुलाकर असंवैधानिक बैठक का विरोध

### निष्कासित पूर्व अध्यक्ष द्वारा बुलाई बैठक का डब्ल्यूसीआरएमएस ने किया बहिष्कार

**कटनी।** विगत दिवस वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ से निष्कासित हुए पूर्व अध्यक्ष आर पी भटनागर व उनके पुत्र पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अमित भटनागर ने मध्य रेलवे के सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के कर्मचारियों को इटारसी बुलाकर असंवैधानिक बैठक की, जिसमें डब्ल्यूसीआरएमएस के लगभग सभी कार्यकर्ताओं ने भाग नहीं लिया। गिने चुने कर्मचारी पमरे से पहुंचे। संघ के महामंत्री अशोक शर्मा ने बताया कि संघ विरोधी गतिविधियों, भ्रष्टाचार, संगठन के पैसे के दुरूपयोग, वंशवादी, विचारधारा की वजह से संविधान के प्रावधानो के अनुसार सर्वोच्च बैठक सेंट्रल एग्जक्यूटिव कमेटी एक्स्ट्रा आर्डनरी जनरल काऊंसिंल मीटिंग जो सागर में 16 अक्टूबर को आयोजित हुई, उसमे भटनागर पिता-पुत्र को निष्कासित किया है। जिसकी सूचना दोनो को लिखित रूप में दे दी है। पिता-पुत्र सत्ता के लोभ में असंवैधानिक गतिविधिया कर रहे है तथा संघ से निष्कासित आर पी भटनागर एवं उनके पुत्र को किसी भी प्रकार सीईसी बैठक में भाग लेने के अधिकारी ही नहीं थे को वेसेरेमसंघ की किसी भी बैठक को बुलाना का अधिकार नहीं रह गया है। मुम्बई, सोलापुर, नागपुर, भुसावल, पुणे आदि रेलवे के मंडलो से कर्मचारियो को व प्राइवेट लोगों का जमावड़ा लगाकर फर्जी बैठक कर रहे हैं, जो कि संघ के विधान एवं नियम के विरूद्ध है। कॉ-आप्टेड संघ के अध्यक्ष सी एम उपाध्याय ने कहा कि महामंत्री पर मन गढ़त फंड के दुरूपयोग के आरोपों का जवाब संघ द्वारा पुलिस अधीक्षक व थानो में ऑडिटेड व सर्व सहमति से पारित एकाउन्ट स्टेटमेंट दे दिया है। सागर अधिवेशन में सैकड़ो पदाधिकारियों की उपस्थिति में संघ का ऑडिटेड एकाउन्ट की विस्तृत जानकारी कोषाध्यक्ष अनुज तिवारी ने रखी, जिसे सर्वसहमति से पारित किया गया। संघ के मंडल अध्यक्ष एस.एन. शुक्ला व मंडल सचिव डी.पी. अग्रवाल ने कहा कि अब मजदूर तानाशाही भटनागर परिवार की गुलामी से अजाद हो गया है। संघ पदाधिकारी व कार्यकर्ता में नई ऊर्जा व उमंग आयी है, जिससे संगठन को मजबूती मिलेगी और अब हम बिना दबाव के रेल कर्मियो की बेहतर सेवा कर सकते हैं।

## मंदिर के घंटे के सहारे फंदे पर लटका मिला युवक का शव

### परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, मर्ग कायम कर जांच में जुटी पुलिस

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र की बिलहरी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम पिपरिया परौहा स्थित बड़ी माता मंदिर परिसर में लगे घंटे के सहारे गांव के ही एक 23 वर्षीय युवक का फांसी के फंदे पर लटकता शव मिलने से सनसनी फैल गई।



खबर फैलते ही पूरे गांव के ग्रामीण घटना स्थल में एकत्रित हो गए। मृतक की पहचान गांव के ही 23 वर्षीय मोनू पिता बाराती आदिवासी के रूप मे की गई है। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण कर परिजनों के कथन दर्ज किए। उधर काफी देर तक परिजनों व ग्रामीणों ने पुलिस को शव फांसी के फंदे से नहीं निकालने दिया। परिजनों का आरोप था कि मोनू ने आत्महत्या नहीं की है बल्कि उसकी हत्या कर लाश को फंदे पर लटकाया गया है। मृतक के पिता बराती आदिवासी ने आरोप लगाया कि गांव के ही बर्मन समाज के व्यक्तियों से लड़ाई झगड़ा चल रहा था। उन्हीं के द्वारा इस घटना को अंजाम में दिया गया। जब तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाता है मृतक के शव को फांसी के फंदे से न उतारा जाए, ना ही पोस्टमार्टम किया जाए। पुलिस के द्वारा डॉग स्क्वायड की भी सहायता ली गई लेकिन कोई साक्ष्य नहीं मिले। परिजन जब अपनी बात पर अड़े रहे तो घटना स्थल बिलहरी चौकी प्रभारी के के पटेल पहुंचे। चौकी प्रभारी के द्वारा परिजनों को बताया गया कि जब तक पीएम नहीं होगा वास्तविक स्थिति सामने नहीं आएगी। पीएम होने दीजिए यदि हत्या हुई है तो दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। चौकी प्रभारी की समझाइश के बाद परिजन माने और पुलिस ने पीएम के लिए शव को भेजा। चौकी प्रभारी के के पटेल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मृतक के द्वारा आत्महत्या करना प्रतीत हो रहा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की स्थिति स्पष्ट होगी। मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया गया है।

## एएसआई का रास्ता रोककर शराब के लिए पैसे मांगने व मारपीट करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

### 19 फरार, विजयराघवगढ़ की घटना में पुलिस ने की कार्रवाई

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम खरखरी चौराहे में डीजे बजाने से रोकने पर मौजूद लोगों ने पुलिस विभाग के एएसआई का रास्ता रोक लिया। भीड़ में शामिल युवकों ने एएसआई से शराब पीने के लिए रुपए मांगे तथा नहीं देने पर मारपीट की। पुलिस ने एएसआई की शिकायत पर 15 नामजद व 7 अज्ञात लोगों के विरूद्ध रास्ता रोकने, मारपीट करने, रुपए मांगने, सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने घटना में शामिल 22 में से तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है जबकि एक दर्जन से अधिक फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने बताया कि विजयराघवगढ़ थाने में पदस्थ एएसआई शशिभूषण सिंह दशहरा ड्यूटी पर तैनात थे। खरखरी चौराहे में कुछ युवक डीजे बजा रहे थे जिसके कारण आवागमन भी अवरुद्ध हो रहा था। ड्यूटी पर तैनात एएसआई शशिभूषण सिंह ने डीजे बजाने और आवागमन अवरुद्ध करने से युवकों को मना किया। जिस पर युवकों ने एएसआई से अभद्रता करते हुए रोक लिया। शराब के लिए रुपए मांगने लगे और नहीं देने पर उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने एएसआई की शिकायत पर अजय कोल, शिवम कोल, गौतम कोल, लकी उर्फ राघवेन्द्र बघेल, नीरत कोल, विनंदन चौधरी, शिवम पंजाबी, सुमन कोल, भानू सिंह, लल्लू गौटिया, गोलू कोल, शीलू कोल, दीप कोल, शिवम केवट सहित अन्य 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। टीआई सुधाकर बारस्कर ने बताया कि अधिकांश लोग शराब के नशे में थे।

## ईद-मिलादुन्नबी के रूप में मनेगा पैगम्बर साहब का जन्मदिवस

### अंजुमन स्कूल में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कटनी।** पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिवस हर साल की तरह इस साल भी कल 19 अक्टूबर को ईद-मिलादुन्नवी के रूप में मनाया जाएगा। शहर के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में ईद-मिलादुन्नवी की रौनक आज से ही नजर आ रही है। मिशन चौक और ईश्वरीपुरा वार्ड सहित अन्य क्षेत्रों में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा पर्व को लेकर आज दिन भर तैयारियां की जाती रहीं। अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष हाजी कैस अहमद लिप्पू भाई ने बताया कि पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस ईद-मिलादुन्नवी के अवसर पर अंजुमन स्कूल में कल 19 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे से छोटे-छोटे बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमे बच्चों द्वारा पैगम्बर साहब द्वारा बताई गई बातों और उनके आदर्श पर आधरित कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। लिप्पू भाई ने बताया कि कोरोना संक्रमण को लेकार राज्य सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइन एवं शांति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय का पालन करते हुए पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस ईद मिलादुन्नवी पर वाहन रैली और जुलूस का आयोजन नहीं किया गया है। उन्होंने समस्त नगरवासियों को ईद मिलादुन्नवी पर्व की मुबारकबाद देते हुए अंजूमन स्कूल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर/विशेष विवाह अधिकारी जिला कटनी, म.प्र.**

क्रमांक/253/प्रवा. वि. अधि./2021 कटनी, दिनांक 21/09/2021

प्रारूप (ख)

सूचना का प्रारूप/ नियम 6(1) देखिये

चूकि विवाह के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदक शुभम कुमार बेलेकर पति/पिता प्रभाकर बेलकर (अविवाहित) साकिन तिलक कॉलेज के पीछे प्रेमनगर कटनी जिला कटनी एवं आवेदिका किरण सिंह पति/पिता केशव सिंह (अविवाहित) साकिन ग्राम रोशन नगर रफी अहमद किदवई वार्ड कटनी जिला कटनी द्वारा मध्यप्रदेश हिन्दु विवाह रजिस्ट्रीकरण नियम 1984 के नियम 4 उपनियम (1) के अधीन आवेदन जिसकी प्रति संलग्न है अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत किया गया है और उक्त वक्त आवेदन पर विचार करने के लिए तारीख 12/11/2021 नियत की गई है। आपको एतद् द्वारा यह सूचना दी जाती है कि आप इस सूचना की प्राप्ति से 30 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें कि क्या आप उपरोक्त आवेदन पत्र में वर्णित विशिष्टियों की सत्यता स्वीकार करते हैं और क्या विवाह के तथ्यों को हिन्दु विवाह के तथ्यों को हिन्दु विवाह अधिनियम, 1955 (1955 का सं. 25) की धारा 8 के अधीन बनाये रखे गये हिन्दु विवाह रजिस्टर में प्रविष्टि किये जाने के संबंध में आपको कोई आपत्ति है। यदि उपरोक्त कालावधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती तो वह समझा जावेगा कि विवाह के रजिस्ट्रीकरण के संबंध में आपको कोई आपत्ति नहीं है। आप व्यक्तिगत रूप से तारीख 12/11/2021 को उपस्थित हो सकते हैं और ऐसा न करने पर कार्यवाहियां आपकी अनुपस्थिति में विनिश्चय की जाने के दायित्वाधीन होंगी।

अपर कलेक्टर एवं रजिस्ट्रार हिन्दु विवाह जिला कटनी

## शहर की पशु सेवक संस्थाओं को किया सम्मानित



**कटनी।** विगत दिवस पुरवार समाज सक्रियता समिति द्वारा, नगर में मुक्त विचरण करने वाले मूक पशुओं की पीढ़ा को समझते हुए, लगातार निःशुल्क सेवा करने वाले नगर के तीन सर्वाधिक सक्रिय संगठनों को सम्मानित किया गया। जिसमे प्रथम सर्प सुरक्षा टीम के प्रमुख सर्प विशेषज्ञ विवेक शर्मा को श्रीफल शाल व हस्तलिखित सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया, विवेक शर्मा लगातार कई वर्षों से लोगों के घरों कार्यालय, या कॉलोनी आदि में निकल आने वाले विषैले जीवों जैसे गोह, सर्प, बिच्छु आदि को पकड़ कर जंगल छोड़ने का कार्य कर रहे है इस से न केवल नागरिकों की रक्षा कर रहे है बल्कि आप इन निर्दोष पशुओं की प्राण रक्षा करते हुए वापस जंगल भेजने का कार्य भी कर रहे है सबसे बड़ी बात विबेक शर्मा उक्त संपूर्ण कार्य मे जान झोखिम में डालते समय ये विशेष ध्यान देते है कि किसी भी तरह इन मूक पशुओं को कोई चोट न आये और उक्त कार्य के लिये शर्माजी किसी से एक पैसा नही लेते है। सम्मान गौ सेवा समिति के प्रमुख सतीश सोनी को श्रीफल व शाल व प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। सतीश सोनी पिछले लगभग एक दशक से मुक्त विचरण करने वाले घायल पशुओं जिनमे गौ माता, नंदी महाराज, आवारा कुत्ते, बंदर आदि का बीमार होने, कीड़े लगने, आदि में इलाज लगातार कर रहे है! साथ ही गायों, बैलों के कई बार नालों या खुदाई के गड्ढों आदि में गिर जाने पर, रेस्क्यू करने का अहम कार्य भी कर रहे है। कटनी में कही भी जानकारी मिलने परए अपने बाकी काम छोड़कर, सतीश सोनी इन मूक पशुओं की सेवा व जान बचाने हेतु तत्पर रहते है, ये समस्त कार्य सतीश निःशुल्क कर रहे है। गौ माता सेवा केंद्र के अखिलेश पुरवार द्वारा लगातार गौ वंश की सेवा, जिसमे भोजन व्यवस्थाए व इलाज करना मुख्य रूप से शामिल है। आपको भी श्रीफ्ल व शाल के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुरवार समाज सक्रियता कमिटी के मुख्यातिथि के रूप में कटनी के निर्वितमान महापौर शशांक श्रीवास्तव, संयोजक अनिल कुमार पुरवार, अध्यक्ष कुलभूषण पुरवार व सचिव ओम प्रकाश पुरवार के करकमलों से पुरवार समाज सक्रियता कमेटी के तत्वावधान में नगर की पशु सेवक संस्थाओं को किया गया सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अनिरुद्ध पुरवार, कटनी विकास संघ अध्यक्ष सुयश पुरवार, रामकुमार, अखिलेश पुरवार, शौर्य पुरवार, जतिन पुरवार, ओजस्व पुरवार, पूरन पुरवार, वैभव ऋषि पुरवार, आलोक पुरवार, प्रदीप पुरवार, सीताराम पुरवार, हरि किशन पुरवार, तापस पुरवार व प्रबुद्ध जनों की बडी मात्रा में उपस्थिति रही।

## आईटीआई में एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेन्ट 21 को

### 10वीं तथा आईटीआई उत्तीण प्रतिभागी हो सकते हैं शामिल

**कटनी।**

प्राचार्य शासकीय आईटीआई कटनी रंजीत कुमार रोहितास ने बताया कि 21 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कटनी में एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेन्ट का आयोजन किया जा रहा है। यह प्लेसमेन्ट कैम्पस राजस्थान के पथरेडी स्थित मदरसन सूमी सिस्टम लिमिटेड कंपनी द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस प्लेसमेन्ट कैम्पस में शामिल होने के लिये इच्छुक प्रतिभागी निर्धारित तिथि व निर्धारित समय में शासकीय आईटीआई कटनी परिसर में अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा सहित साक्षात्कार के लिये उपस्थित हो सकते हैं। प्लेसमेन्ट कैम्पस में शामिल होने के लिये प्रतिभागी को कक्षा 10वीं उत्तीर्ण एवं आईटीआई उत्तीण होना अनिवार्य है। साथ ही प्रतिभागी की आयुक्त 18 वर्ष से 28 वर्ष होना चाहिये। प्लेसमेन्ट में चयनित प्रतिभागियों को कंपनी द्वारा 8 घंटे के लिये प्रतिदिन 272 रुपये, 12 घंटे के लिये प्रतिदिन 544 रुपये तथा 16 घंटे के लिये प्रति 816 रुपये वेतन दिया जायेगा। इसके साथ ही निःशुल्क परिवहन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जायेगी। चयनित कर्मचारियों को बोनस एक्स 1965 के तहत बोनस सुविधा, चाय सुविधा निःशुल्क, कर्मचारियों के रिफ्रेसमेन्ट के लिये अन्य गतिविधियां जैसे क्रिकेट टूर्नामेन्ट एवं अन्य आयोजन कंपनी द्वारा किये जायेंगे। इसके साथ ही कर्मचारियों का कार्यक्षेत्र वातानुकूलित रहेगा।

**सिटी मॉल बरही रोड में**

हॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, एक्शन पैकिज, फुल एंटरटेनमेंट




रोजाना 4 शो ता. 14 से दोपहर 12.30, 3.30,6 एवं 8.30 बजे से

**VENOM** (हिन्दी में)

(LET THERE BE CARNAGE)

कलाकार- जेनी स्लेट, वुडी हैरेलसन, सोप अलुको, स्कॉट डेकर्ट, मार्सेला ब्रागियो आदि।

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति

सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति

पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)

मो. 8109417340

**एम जी एम हॉस्पिटल, कटनी में**

**निःशुल्क BMD शिविर**

सोमवार, 25 अक्टूबर 2021

समय - सुबह 10:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक



**डॉ. पंकज गुप्ता**

एम.बी.बी.एस., एम. एस.

विशेषज्ञ चिकित्सक

वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन



चुस्त दुरूस्त जीवन के लिए आवश्यक है मजबूत हड्डियां। यदि निम्नलिखित समस्या है तो हड्डियों की कमजोरी से ग्रसित हो सकते हैं -

1. उम्र 40 से ज्यादा है ?
2. थोड़ी सी चोट लगने पर हड्डियां टूट जाती हैं ?
3. बच्चेदानी का ऑपरेशन हो चुका है ?
4. वजन ज्यादा है ?
5. मौसम के अनुसार आपकी हड्डियों में दर्द होता है ?
6. कसरत करने का वक्त नहीं मिलता है ?
7. धूम्रपान व शराब का ज्यादा सेवन करते हैं ?
8. श्वास (अस्थमा) संबंधित डायबिटीज संबंधित दवाईयां लेते हैं ?
9. थायराइड की परेशानी है ?
10. कमर में बहुत दर्द होता है ?
11. लकवा की शिकायत है ?
12. कोविड-19 (कोरोना) बीमारी से ग्रसित हो चुके हैं ?

सामान्य तौर पर इस जांच के 3000 रूपये से 5000 रूपये तक लगते हैं जो कि इस दिन आपके लिए निःशुल्क है। निःशुल्क अस्थि जांच हेतु अपना रजिस्ट्रेशन आज ही करायें।

अगर पूछे गये किसी भी सवाल का जबाव हां है तो आपको आस्टियो पोरोसिस नामक बीमारी का खतरा हो सकता है। आस्टियो पोरोसिस एक ऐसी स्थिति है जिसमें हड्डियां बहुत कमजोर व नरम हो जाती है। नतीजन हल्की सी फिसलन या गिरने पड़ने वाले हल्के से दबाव से बुढ़ापे में हड्डियां जल्दी फ्रेक्चर हो जाती हैं। 40 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोग खासतौर से रजोनिवृत (Menopausal) महिलाएं ऑस्टियोपोरोसिस की जांच साल में एक बार जरूर करायें।

रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें

mgm HOSPITAL एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर

(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)

कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन - 07622-405070, 405071

**कार्यालय नगर परिषद बरही, जिला-कटनी (म.प्र.)**

Phone & Fax No. 07626-274220
E-Mail-cmobarhi@mpurban.gov.in

क्रमांक 735/A/राज./न.प./2021 बरही, दिनांक 13/10/2021

**द्वितीय निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परिषद बरही द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 के 1 नवम्बर 2021 से 31 मार्च 2022 तक दैनिक एवं साप्ताहिक बाजार बैठकी वसूली का ठेका दिया जाना है। इस हेतु इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार अपनी दरें सीलबंद लिफाफे में दिनांक 25/10/2021 दोपहर 3:30 बजे तक निर्धारित अमानत राशि जमा कर नियम/शर्तों के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। लिफाफे सायं 4:30 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोले जावेंगे। नियम/शर्त नगर परिषद बरही के राजस्व शाखा में कार्यालीन समय में अवलोकन किया जा सकता है।

| क्रं. | ठेके का विवरण | ठेके की शासकीय राशि | अमानत राशि | कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | साप्ताहिक एवं दैनिक बाजार बैठकी वसूली ठेका | 300000/- | 6000/- | 1 नवम्बर 2021 से 31 मार्च 2022 तक | 500.00 |

प्रशासक
नगर परिषद, बरही
जिला-कटनी (म.प्र.)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बरही
जिला-कटनी (म.प्र.)

**cello सेलो फर्नीचर**

एकमात्र अधिकृत वितरक



Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah Almirah, Molded Furniture

**विश्वकर्मा फर्नीचर**

विश्वकर्मा मार्केट, मधई मंदिर रोड कटनी, फोन- 230557, मो. 9826082251
Email-gopivishwakarma@gmail.com

अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें
www.yashbharat.com



यश भारत खास खबर

**3 महीने के लंबे इंतजार के बाद रेलवे के हिस्से में 6 दिनों तक होगा स्पॉन रखने का काम**

# रेलवे से मिला मेगा ब्लाक, गाटर लॉन्चिंग के लिए तैयारियां शुरू

कटनी। आखिरकार तीन महीने के लंबे इंतजार के बाद मिशन चौक ओव्हर ब्रिज निर्माण के लिए रेलवे ने मेगा ब्लाक की मंजूरी दे दी है। रेलवे से मंजूरी मिलने के बाद आज सुबह 6 बजे से कटनी-बीना रेल लाइन पर मुड़वारा रेलवे स्टेशन के पास ओव्हर ब्रिज के रेलवे हिस्से में गाटर लॉन्चिंग के लिए तैयारियां शुरू हो गई है। रेलवे प्रशासन और ब्रिज कार्पोरेशन के अधिकारियों की मौजूदगी में ब्रिज कसंट्रक्शन कंपनी द्वारा काम शुरू कर दिया गया है। बताया जाता है कि आज और कल रेल लाइन के किनारे क्रेन को सेट करने का काम किया गया है और 20 व 23 अक्टूबर को क्रेन से गाटर लॉन्चिंग की जाएगी। इसके बाद अब उम्मीद की जा रही है कि नवंबर तक ओव्हर का निर्माण कम्पलीट हो जाएगा और इससे आवागमन भी शुरू हो जाएगा। इससे न केवल शहर के लोगों को सागर अंडर ब्रिज के नीचे रोज-रोज लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी, वरन उनके समय की भी बचत होगी। इसके अलावा बरगवां से बस स्टेंड और कुठला की ओर जाने वाले लोग सीधे ओव्हर ब्रिज से होकर अपने गंतव्य तक जा सकेंगे।

## क्रेन सेट करने के बाद 20 और 23 अक्टूबर को होगी गाटर लॉन्चिंग
## नवंबर तक प्रोजेक्ट कम्पलीट होने की उम्मीद, सुलभ होगा आवागमन

गौरतलब है कि मिशन चौक में निर्माणाधीन ओव्हर ब्रिज के निर्माण में केवल रेलवे के हिस्से का ही काम शेष रह गया था। मिशन चौक से चांडक चौक और बरगवां की ओर ब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद बीना रेल लाइन के ऊपर का निर्माण कराया जाना था, इसके लिए ठेकेदार द्वारा रेल प्रशासन से मेगा ब्लाक की अनुमति मांगी गई थी। जानकारी के मुताबिक जुलाई के महीने में जबलपुर में पश्चिम मध्य रेल जोन और लोक निर्माण विभाग सेतु निगम के अधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई थी। जिसमे रेलवे के हिस्से में निर्माण एवं मेगा ब्लाक को लेकर चर्चा की गई। बैठक के अंत में रेलवे के अधिकारियों ने जल्द ही मेगा ब्लाक दिए जाने पर सहमति व्यक्त की थी, लेकिन जुलाई, अगस्त और सितंबर का महीना बीतने के बाद भी रेलवे द्वारा मेगा ब्लाक नहीं दिया जा रहा था। इसके पीछे फंड की कमी भी एक कारण बताया जा रहा था। 3 महीने का लंबा इंतजार कराने के बाद आखिरकार पश्चिम मध्य रेलवे जोन जबलपुर द्वारा मिशन चौक में गटर लॉन्चिंग के लिए मेगा ब्लॉक की अनुमति प्रदान की गई।

### 5 दिन तक 3-3 घंटे होगा काम

गटर लॉन्चिंग का काम ब्रिज का निर्माण कर रही मिश्रा कंसट्रक्शन कंपनी द्वारा ही किया जा रहा है। रेलवे द्वारा इसके लिए 6 दिन का मेगा ब्लाक दिया गया है। इस दौरान हर दिन 4-5 घंटे तक काम किया जाएगा। इस दौरान रेल लाइन के ऊपर स्पॉन रखने का काम होगा। यहां कुल 4 स्पॉन रखे जाना है। गटर लॉन्चिंग का काम होने के बाद ब्रिज के ऊपर लोहे की जालियां लगाई जाएंगी। सरिया और प्लेट बिछाकर कांक्रीट का काम किया जाएगा। रेलवे के हिस्से का काम पूरा होने के बाद सेतु निगम के अधिकारियों को उम्मीद है कि नवंबर तक यह प्रोजेक्ट कम्प्लीट हो जाएगा।





### 85 करोड़ की लागत, 1337 मीटर लंबाई

गौरतलब है कि मिशन चौक सागर अंडर ब्रिज में हर दिन लगने वाले जाम के चलते राज्य सरकार द्वारा यहां ओव्हर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। बजट में फंड का प्रावधान भी किया गया था। टेंडर निकलने के बाद इसे भोपाल की मिश्रा कंसट्रक्शन कंपनी द्वारा लिया गया। बरगवां से चांडक चौक के बीच 1337 मीटर लंबाई के मिशन चौक ओवर ब्रिज (आरओबी) का काम मार्च 2019 में शुरू हुआ था। 85 करोड़ रूपये की लागत से बन रहे ओव्हर ब्रिज का निर्माण शुरू के डेढ़ साल तेज गति से शुरू हुआ। पिछले साल 2020में लॉकडाउन के दौरान काम बंद रहा और इसके बावजूद ठेकेदार ने तेज गति से काम पूरा किया और इस साल मार्च आते-आते ब्रिज का काम लगभग पूर्णता की ओर था लेकिन इसी बीच 9 अप्रैल से एक बार फिर लॉकडाउन हो गया। पहले फंड की कमी के चलते और मेगा ब्लाक नहीं मिलने की वजह से काम रूक गया लेकिन अब मेगा ब्लाक मिलने के बाद अब गटर लॉन्चिंग का शुरू हो गया है।

### इनका कहना है

रेल प्रशासन द्वारा मेगा ब्लाक की अनुमति दी गई है। आज और कल गटर लॉन्चिंग के लिए तैयारियां की जा रही है। रेल लाइन के ऊपर स्पॉन रखने के लिए क्रेन को सेट किया जा रहा है। 20 अक्टूबर और 23 अक्टूबर को रेल लाइन के ऊपर क्रेन के जरिए गटर लॉन्चिंग की जाएगी। इस मेगा ब्लाक के बाद रेलवे से अगले सप्ताह तक एक ओर मेगा ब्लाक मिलेगा, जिसमे मेन लाइन के ऊपर स्पॉन रखा जाएगा। नवंबर तक प्रोजेक्ट कम्प्लीट होने की उम्मीद है।

-प्रमोद गोटिया, एसडीओ ब्रिज कार्पोरेशन, जबलपुर

# रामलीला देखकर लौट रहे बाइक सवार युवकों को ट्रेलर ने रौंदा

## तीन की मौत, एक गंभीर, हाइवे पर झुकेही के पास दर्दनाक हादसा

**कटनी। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर अमदरा थाना अंतर्गत ग्राम झुकेही के पास भीषण सड़क हादसे में कैमोर थाना अंतर्गत ग्राम बिस्तरा निवासी 3 युवकों की मौके पर मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। चारों युवक बाइक पर सवार होकर रामलीला देखने झुकेही आए थे, जहां रामलीला खत्म होने के बाद चारों युवक बाइक में सवार होकर वापस गांव लौट रहे थे। उसीदौरान बाइक सवार चारों युवक ट्रेलर वाहन की चपेट में आ गए।**

पुलिस ने बताया कि कटनी जिले के कैमोर थाना अंतर्गत ग्राम बिस्तरा निवासी 4 युवक बाइक क्रमांक एम.पी.21एमएन-1168 से शनिवार शाम को रामलीला देखने झुकेही आए थे। रामलीला देखने के बाद चारों युवक रात लगभग 11 बजे जब वापस गांव लौट रहे थे। उसीदौरान झुकेही में बृजवासी चूना भट्टा के पास किसी वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार ग्राम बिस्तरा निवासी 24 वर्षीय मोहित कुमार पिता विजय पटेल, 28 वर्षीय विजय सेन पिता जगदीश सेन व 29 वर्षीय पंकज सेन पिता सोहनलाल सेन की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि 23 वर्षीय शुभम पुत्र सुदामा पटेल गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल भिजवाया। दुर्घटनाग्रस्त बाइक मोहित कुमार पटेल के नाम पर आरटीओ में पंजीकृत है। घटना स्थल के पास ही ओपन बॉडी ट्रेलर खड़ा पाया गया। जिसमें लोहे की प्लेट और एंगल लोड थे जो बॉडी के दोनों तरफ से बाहर निकलकर आधी सड़क को घेरे हुए थे । स्थानीय लोगों ने इसी ट्रेलर से हादसा होने का दावा किया तो वहीं अमदरा टीआई हरीश दुबे ने कहा कि कोई प्रत्यक्षदर्शी सामने नहीं आया। वहीं घायल युवक बयान देने की स्थिति में नहीं है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं । प्रमाणित साक्ष्य मिलने पर ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया जाएगा।

### गांजा की तस्करी करते छतरपुर का युवक गिरफ्तार

कटनी। एनकेजे पुलिस ने हम्प गेट एटीएम के पास थैला में गांजा लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहे छतरपुर निवासी एक युवक को पकड़कर उसके कब्जे से 700 ग्राम गांजा बरामद किया है। जब्त गांजा की कीमत सात हजार रुपये बताई है। एनकेजे थाना प्रभारी नीरज दुबे ने बताया कि मुखबिर से दोपहर में सूचना मिली कि छतरपुर जिले के भगवा थाना अंतर्गत ग्राम धरमपुरा निवासी 51 वर्षीय पूरनलाल पांडेय हम्प गेट के पास थैला में गांजा लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपी को दबोचकर उसके पास से मादक पदार्थ जप्त किया। आरोपी के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट की धारा 8, 20 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया।


यदि यश भारत समय पर आप तक नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करें- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009





सिर्फ नाम ही काफी है.....
कजारिया
भारत की नंबर 1 टाइल्स कंपनी
पता- कजारिया टाइल्स शोरूम एल.आई.सी. के सामने सेल्फी पॉइंट के पास बरगवां, कटनी मो. 9755044511
सिटी आफिस- जनता ट्रेडर्स सुभाष चौक जयदवाल रोड कटनी
मो. 9893562711 फोन नं. 07622- 356475





समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी
मो. 9425153498, 7067666668





रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारे
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा





अधिकृत विक्रेता- ओम ऑटोमोबाइल्स
जबलपुर रोड, बरगवां कटनी, फोन-07622-220527
त्यौहारों के इस मौसम में अनेक आकर्षक रंगों में उपलब्ध





City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)